राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, मुख्यालय,परिवहन मार्ग, जयपुर

निविदा सूचना संख्या 16/2017–18

मुख्य कार्यालय का नाम	मुख्यालय, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर
कार्यालय का नाम	कार्यकारी प्रबन्धक(निर्माण), राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, मुख्यालय, परिवहन मार्ग, जयपुर
निविदा का कार्य	महवा बस स्टेण्ड पर डब्ल्यू बी एम रोड का निर्माण कार्य
निविदा की कुल लागत	09.50 लाख रूपये
कुल धरोहर राशि (2 प्रतिशत)	19,000/– रूपये
निर्माण अवधि	3 माह
ऑनलाईन निविदा फार्म मिलने की तारीख	दिनांक 28.03.2018 से दिनांक 12.04.2018 को सायं 6.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा फार्म जमा कराने की तारीख	दिनांक 28.03.2018 से दिनांक 12.04.2018 को सायं 6.00 बजे तक
निविदा खोलने की तारीख	दिनांक 13.04.2018 को सायं 3.00 बजे
निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की तारीख	दिनांक 13.04.2018 तक प्रातः 11.00 बजे तक इस कार्यालय में।

Scanned by CamScanner

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, मुख्यालय,परिवहन मार्ग, जयपुर

निविदा सूचना संख्या 16/2017–18

महवा बस स्टेण्ड पर डब्ल्यू बी एम रोड का निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सा.नि.वि. राजस्थान मे पंजीकृत संवेदको एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनो/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार/रेलवे इत्यादि मे पंजीकृत संवेदको से, जो राजस्थान सरकार के नियमानुसार सक्षम श्रेणी एवं उससे उच्च श्रेणी का हो, निर्धारित प्रपत्र में ई –टेण्डरिंग प्रकिया द्वारा ऑन लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखों में) रूपये	धरोहर राशि 2 प्रतिशत रूपये	निविदा प्रपत्र शुल्क (नॉन रिफण्डेबल)– रूपये	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्राप्त करने का कार्यालय
1	2	3	4	5	6	7
1	**महवा बस स्टेण्ड पर डब्ल्यू बी एम रोड का निर्माण कार्य**	09.50 लाख रूपये	19,000/-	1000/-	3 माह	कार्यकारी प्रबन्धक (निर्माण) रापनि, मुख्यालय, जयपुर

निविदा प्रपत्रों को वेब साईट *http://eproc.rajasthan.gov.in* से डाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदक निविदा इलेक्ट्रोनिक फारमेट में वेबसाईट *http://eproc.rajasthan.gov.in* पर जमा कराऐं।

निविदा हेतु पात्र संवेदकों की श्रेणीः–

किसी भी सीमा तक ''एए'' श्रेणी, संवेदक/ रूपये 300 लाख तक 'ए' श्रेणी, संवेदक/रूपये 150 लाख तक 'बी' श्रेणी, संवेदक/रूपये 50 लाख तक ''सी'' श्रेणी, संवेदक/रूपये 15.00 लाख तक ''डी'' श्रेणी संवेदक।

1. धरोहर राशि निविदा प्रपत्र में दर्शाई गई कुल अनुमानित लागत की दो प्रतिशत होगी। धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट वित्तीय सलाहकार, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर के नाम से देय होगा एवं टेण्डर प्रोसेसिंग शुल्क के लिए रू.500/– का डिमाण्ड ड्राफ्ट एम.डी. आर.आई.एस.एल. जयपुर के नाम प्रति कार्य हेतु देय होगी।
2. निविदा प्रपत्रों हेतु आवेदन/डाउनलोड की अवधि **दिनांक 28.03.2018 से दिनांक 12.04.2018** को सायं 6.00 बजे तक होगी।
3. (अ) निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में बेव साईट *http://eproc.rajasthan.gov.in* पर **दिनांक 28.03.2018 से दिनांक 12.04.2018 को सायं 6.00 बजे तक** जमा कराये जा सकते है एवं प्राप्त निविदायें इलेक्ट्रोनिक फारमेट में बेवसाईट *http://eproc.rajasthan.gov.in* पर संबंधित कार्यालय में **दिनांक 13.04.2018 को सायं 3.00 बजे खोली जायेगी।**

Scanned by CamScanner

(ब) निविदा जमा करवाने के बाद निविदा की समस्त प्रकिया ऑन लाइन होगी।

(स) निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवश अवकाश रहता है, तो अगले दिन उसी समय निविदायें खोली जायेगी।

(द) रू. 100.00 लाख से कम की निविदाओं की वित्तीय बिड नियमानुसार खोली जावेगी। रू.100.00 लाख से अधिक एवं रू.200.00 लाख तक की निविदाओं के लिए पोटेन्सियल बिड पद्वति अपनायी जायेगी एवं रू.200.00 लाख से अधिक की निविदाओं के लिए पोस्ट क्वालिफिकेशन पद्वति अपनाई जायेगी, उसके अनुसार तकनीकी आंकलन में सफल निविदाताओं की वित्तीय बिड को खालेने की सूचना निविदाताओं को ई–मेल से दी जावेगी।

4. कार्यों के सम्मुख उपरोक्तानुसार वर्णित कार्यालय में संवेदक द्वारा **दिनांक 28.03.2018 से दिनांक 12.04.2018** तक किसी भी कार्य दिवस में 11.00 बजे पूर्वान्हन से 4.00 बजे अपरान्ह तक देखा जा सकता है अथवा वेबसाईट ***http://eproc.rajasthan.gov.in*** पर भी देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्रों में निविदाकर्ता के लिए योग्यता सूचना तथा निविदाकर्ता की पात्रता, प्लान, स्पेसिफिकेशन, ड्राइंग विभिन्न कार्यों की मात्रा एवं दरों का विवरण, नियम, शर्तें एवं अन्य विवरण वर्णित है।
5. निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग फीस/धरोहर राशि का डिमाड ड्राफ्ट इस कार्यालय में **दिनांक 13.04.2018 तक प्रातः 11.00 बजे तक जमा कराना** आवश्यक है।
6. निविदा खोलने की दिनांक से 90 दिवसों तक निविदा स्वीकृति हेत मान्य *(open)* रहेगी। यदि निविदाकर्ता उस अवधि में अपनी निविदा अथवा शर्तो में किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपनी निविदा वापस ले लेता है तो उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी। नियमानुसार दोष निवारण की अवधि कार्य पूर्णता के पश्चात् तीन वर्ष रहेगी।
7. यदि संवेदक नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम रक्त सम्बन्धी व उनके पति/पत्नि) निर्माण शाखा में कार्यरत कर्मचारी एवं अधिकारी किसी भी स्तर पर पदस्थापित हो तो उसके कार्य पर नियुक्त करने पर प्रतिबन्ध रहेगा।
8. राज्य सरकार में किसी भी अभियांत्रिकी विभाग में किसी भी इंजीनियर अथवा इंजीनियरिंग या प्रशासनिक कार्य पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारी राज्य सरकार की अनुमति के बिना सेवा निवृति के 2 वर्ष तक संवदेक अथवा उसके कर्मचारी के रूप में कार्य नहीं कर सकेगे। यदि संवदेक अथवा उसके कर्मचारियो ं में कोई ऐसा व्यक्ति जिसने राज्य सरकार की उक्त लिखित अनुमति निविदा जमा कराने से पहले अथवा संवेदक के यहॉ सेवाऐं लेने से पहले अनुमति नहीं ली है तो अनुबन्ध रद्द किया जा सकेगा।
9. निविदादाता इन प्रपत्रो को *Download* कर सकते है। निविदादाता द्वारा धरोहर राशि, निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग फीस डिमांड ड्राफ्ट के रूप में इस कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय तक जमा कराना आवश्यक है।
10. किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बतायें निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है।
11. संवेदक द्वारा उक्त कार्य के लिये निर्धारित मशीनरी जो निविदा की स्पेशल कण्डीशन में वर्णित है, को स्वयं के पास होने या किराये पर लेने का प्रमाण पत्र देना होगा।
12. कार्य पूर्ण करने की अवधि में मानसून अवधि सम्मिलित है।
13. कार्य का दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार तीन वर्ष तक रहेगा।
14. निविदा दाता द्वारा प्रस्तुत दर का दर विश्लेषण निविदा के साथ ही प्रस्तुत (upload) किया जाना चाहिए।

Scanned by CamScanner

15. निविदादाता जी.एस.टी. विभाग में पंजीकृत होना आवश्यक होगा एवं जी.एस.टी. का समस्त दायित्व निविदादाता का ही होगा।
16. निविदादाता पी.एफ. विभाग(कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) में पंजीकृत होना आवश्यक होगा।
17. ई–टेन्डरिंग के लिए निविदा दाता हेतु निर्देशः–
    (अ) इन निविदाओं में दिलचस्पी लेने वाले निविदा दाता निविदा प्रपत्रो का इन्टरनेट साईट ***http://eproc.rajasthan.gov.in*** से डाउनलोड *(Download)* कर सकते है।
    (ब) निविदाओं में भाग लेने वाले निविदादाताओं को इन्टरनेट साईट ***http://eproc.rajasthan.gov.in*** पर रजिस्टर करवाना होगा। ऑन लाइन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सार्टिफिकेट इनफोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में साइन करने हेतु काम आयेगा। निविदा दाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सी सी ए *(CCA)* द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदा दाताओं के पास पूर्व में वैद्य डिजिटल सर्टिफिकेट है, नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है।
    (स) निविदा दाताओं को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फार्मेट में उपरोक्त वेबसाइट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा। जिसके प्रस्ताव डिजिटल साइन के साथ नहीं होगें, उनके प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेगें। कोई भी प्रस्ताव अकेले भौतिक फार्म में स्वीकार्य नहीं होगा।
    (द) ऑन लाइन निविदायें निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपरोक्त कम संख्या 3 के अनुसार खोली जावेगी।
    (य) इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्रों को जमा कराने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवे कि निविदा प्रपत्रों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्रों के साथ अटेच कर दी गयी है।
    (र) कोई भी टेंडर इलेक्ट्रोनिकली जमा कराने में किसी कारण से लेट हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नहीं होगा।
    (र) टेंडर के प्रपत्रों में आवश्यक सभी सूचियों को संपूर्ण रूप से भरकर ऑन लाईन दर्ज करे।

(एस.के. चौधरी)
कार्यकारी प्रबन्धक(निर्माण)(निर्माण)

Scanned by CamScanner

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, मुख्यालय,परिवहन मार्ग, जयपुर

यू.ओ. नोट

विषयः– निविदा सूचना संख्या 16/2017–18 को अपलोड करने बाबत।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि ई–टेण्डरिंग निविदा की प्रति online प्रकाशनार्थ संलग्न कर भिजवाई जा रही है, जिसको निम्न बेबसाईट पर upload करवाने का श्रम करें।

1- ***http://transport.rajasthan.gov.in/rsrtc/***

2- http://eproc.rajasthan.gov.in

3- *www.**sppp.raja**sthan.gov.in*

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

(एस.के. चौधरी)
कार्यकारी प्रबन्धक(निर्माण)

उप महा प्रबन्धक (आई.टी.)
रा0रा0प0प0निगम,
मुख्यालय, जयपुर।
क्रमांकः– एफ/मुख्या/निर्माण/2018/181
दिनांक :– 23/3/18

Scanned by CamScanner